मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा




वर्ष - 11 | अंक -31 | मुंबई, सोमवार, दिनांक २२ अप्रैल से २८ अप्रैल २०२४ | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

## हनुमान जयंती की शुभकामनाएं

हिंदू पंचांग और उदया तिथि के अनुसार इस बार चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि 23 अप्रैल मंगलवार को सुबह 3: 26 मिनट पर आरंभ हो रही है। पूर्णिमा तिथि अगले दिन 24 अप्रैल को सुबह 5 बजकर 18 मिनट तक रहेगी।



### शुभ संयोग और पूजा का शुभ मुहूर्त ?

कहा जाता है कि बजरंग बली का जन्म मंगलवार के दिन हुआ था और इसी कारण बजरंग बली को मंगलमूर्ति का नाम से भी पुकारा जाता है। 23 अप्रैल को पूरे दिन पूर्णिमा होने के कारण किसी भी समय आप हनुमान जी की पूजा कर सकते हैं लेकिन अगर शुभ मुहूर्त में पूजा की जाए तो मनोरथ सकल होते हैं और बजरंग बली का आशीर्वाद मिलता है। साल 2024 में हनुमान जयंती 23 अप्रैल दिन मंगलवार को मनाई जाएगी और इसे शुभ संयोग कहा जा रहा है। इस दिन विधिवत रूप से और सच्चे मन से पूजा करने पर मनोरथ पूरे होंगे।

### बजरंग बली की पूजा-अर्चना के लिए 35 मिनट है बेहद खास मुहूर्त

हनुमान जयंती पर पूजा का खास मुहूर्त सुबह 9 बजकर 14 मिनट से 10 बजकर 49 मिनट तक रहेगा। वहीं, 12 बजकर 25 मिनट से दोपहर 2 बजे तक पूजा का बेहद खास मुहूर्त है।शाम के समय 3 बजकर 36 मिनट से शाम 5 बजकर 11 मिनट तक भी पूजा का शुभ मुहूर्त बन रहा है । रात्रिकाल का शुभ मुहूर्त 8 बजकर 14 मिनट से रात 9 बजकर 25 मिनट तक रहेगा।

## महाराष्ट्र के सीएम शिंदे बोले-

# ''देश की जनता पीएम मोदी को दोबारा विजयी बनाने के लिए उत्सुक''

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि देश की जनता मोदी जी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है। शिंदे ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जबपीएम मोदी देश की भलाई के लिए काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अपने आंतरिक मुद्दों को सुलझाने में लगी हुई है. शिंदे ने आज यहां विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा, इस देश की भलाई और विकास के लिए पीएम मोदी को तीसरी बार फिर से प्रधान मंत्री चुना जाना चाहिए।



''एक उम्मीदवार को वोट देने का मतलब है मोदी जी को वोट देना। देश की जनता मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है।''पीएम मोदी का नेतृत्व देश में वैसे ही चमक रहा है जैसे सूरज इस धरती पर चमकता है। ये हमारे लिए बहुत गर्व की बात है. मोदी जी ने इस देश में राम मंदिर ही नहीं बल्कि राम राज्य लाने का प्रयास किया है. इंडिया ब्लॉक देश से पूछ रहा है कि हमारे पास राहुल हैं, सोनिया हैं, स्टालिन हैं, केजरीवाल हैं, आपके पास क्या है? इस पर देश की जनता जवाब देती है कि हमारे पास ''मोदी गारंटी'' है। विश्वास का पर्यायवाची है 'मोदी गारंटी',''उन्होंने कहा।

'' कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन गरीबों को ज्यादा परेशानी हुई.पीएम मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला और 80 करोड़ लोगों को पांच साल तक मुफ्त राशन देने का ऐलान किया. इस देश के विकास के लिए पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनना चाहिए. यह चुनाव देश के विकास के लिए है.पीएम मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को 11वें से 5वें स्थान पर लाने का काम किया है. उनका संकल्प इसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का है। इसे कहते हैं मोदी गारंटी. कांग्रेस के लोग आपस में लड़ रहे हैं. सीएम शिंदे ने कहा, ''हमें उन्हें हराने के लिए कोई प्रयास करने की जरूरत नहीं है। महाराष्ट्र की पांच संसदीय सीटों के लिए पहले चरण में शुक्रवार को मतदान हुआ। 48 लोकसभा सीटों वाला राज्य दूसरे नंबर पर है। -उत्तर प्रदेश के बाद संसद के निचले सदन में सबसे बड़ा योगदानकर्ता। 2019 के लोकसभा चुनावों में , भाजपा ने 25 में से 23 सीटें जीतीं, जबकि अविभाजित शिवसेना ने 23 में से 18 सीटें हासिल कीं, जो विपक्ष का हिस्सा थी गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 19 सीटों पर चुनाव लड़ा और चार पर जीत हासिल की। 2022 में शिव सेना में विभाजन के बाद, एकनाथ शिंदे गुट ने भाजपा के साथ गठबंधन किया।

## होटल में चल रहा था देह व्यापार का धंधा, पुलिस ने छापेमारी कर कार्रवाई की



**बोइसर :** पुलिस ने एमआईडीसी इलाके के एक होटल में छापा मारकर देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ किया. इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और तीन पीड़ित महिलाओं को रिहा कर दिया गया. स्थानीय अपराध शाखा के पुलिसकर्मियों को गोपनीय सूचना मिली कि तारापुर एमआईडीसी के कैमलिन नाका इलाके में स्थित एक होटल में देह व्यापार का धंधा चल रहा है.

तदनुसार, प्रभारी अधिकारी अनिल विभुते को सूचित करने के बाद, उन्होंने वेश्यावृत्ति के धंधे की पुष्टि करने के लिए एक फर्जी ग्राहक को होटल में भेजा, और यह सच पाया गया। जब स्थानीय अपराध शाखा और बोइसर पुलिस कर्मियों की एक टीम ने होटल पर छापा मारा, तो पता चला कि वहां अवैध वेश्यावृत्ति का कारोबार चल रहा था।





जनपद जौनपुर के मलाई निवासी, भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था संरक्षक एवं कदम कदम पर अखबार के सह संपादक आदरणीय अनिल शर्मा जी की भतीजी की सादी में अपने संगठन के सम्मानित पदाधिकारियों, अनिकेत शर्मा रमेश शर्मा, अशोक शर्मा, अनिल शर्मा के साथ उपस्थित होने का अवसर प्राप्त हुआ।

## रेल्वे की कंगाल सेवाएं, मालसामान ढूलाई की डिलिवरी में पांच दिन लगा दिए





भारतीय रेल्वे की मालसामान ढूलाई की कंगाल सेवा का एक किस्सा सामने आया है। मुंबई बांद्रा से 11 अप्रैल को कई पार्सल यूपी के गोंडा के लिए भेजे थे। जनरल डिब्बे में उसके लिए एक अपना आदमी भी बिठाया था। 13 अप्रैल को वह सभी पार्सल गोंडा में उतारे जाने वाले थे। पर उस पार्सल का डिब्बा गोंडा आते आते खचाखच भरा पडा मिला। उसमें मुंबई बांद्रा से लादे गए कई पार्सल गोंडा में नहीं मिले।

गोंडा में तीन कर्मचारियों ने मुंबई के उन पार्सलों को गोंडा में उतारा ही नहीं।फिर एक गार्ड आया उसने देखा कि लगेज का डिब्बें में माल लदालद भरा पड़ा है तो उसने कहा कि अब सारा लगेज गोरखपुर में खाली करवाया जाएगा। दौरान गोरखपुर में कहा गया कि यह सारा माल ढूलाई के पार्सल इस स्टेशन का नहीं है इसलिए यहां कोई सामान उतारा नहीं जाएगा। अतः मुंबई के कई पार्सल वहीं पर भी नहीं उतरे। गोंडा रेलवे स्टेशन पर गार्ड को फोन किया तो कहा गया कि आपके पार्सल बरवनी से अमृतसर जाने वाली ट्रेन से वापस आ जाएगा।रात साडे ग्यारह बजे वह ट्रैन वापस आई तो मुसाफिर को वहीं से 17 पार्सल की डिलिवरी मिली, उसमें दो पार्सल तो वह अंबाला पहुंच गए थे। 16 अप्रैल को 139 पर कम्पलेन करने पर वह बाकी दो पार्सल गोंडा ट्रैन में वापस आ गए पर उसे वहीं पर नहीं उतारा गया, वह दो पार्सल वापस गोरखपुर पहुंच गए।



गोरखपुर वापस वह दो पार्सल गोंडा 18 अप्रैल की शाम को तब जाके उन दो पार्सल उनको मिलें थे। 13 अप्रैल को गोंडा में जो सब पार्सल मिलने वाले थे वह 17 और 18 अप्रैल को मिले थे। यह हैं रेलवे की कंगाल सेवाएं।

# मुंबई में शॉपिंग सेंटर के शौचालय के अंदर वकील से छेड़छाड, मारने की कोशिश

**मुंबई:** दक्षिण मुंबई में एक शॉपिंग सेंटर के शौचालय के अंदर 35 साल की महिला वकील से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने और उसे मारने की कोशिश की गई। इस मामले में मुंबई पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह आठ बजे लोकमान्य तिलक मार्ग पर स्थित अशोक शॉपिंग सेंटर में हुई, जहां पीड़िता का कार्यालय है।



पुलिस ने कहा कि सुबह लगभग साढ़े सात बजे, वह (महिला वकील) शॉपिंग सेंटर के शौचालय में गई। जब उसने अंदर 21-वर्षीय व्यक्ति को देखा तो उसे वहां से जाने के लिए कहा। आरोपी ने ऐसा दिखावा किया कि जैसे वह जा रहा हो, जिसके बाद वह शौचालय के अंदर चली गई। अधिकारी ने कहा कि जब वह बाहर आई तो उसे उस आदमी को दरवाजे पर खड़ा पाया। उसने शौचालय का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद कर दिया था। आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और मदद के लिए शोर मचाने पर उसे जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता उसे धक्का देकर किसी तरह से वहां से भागने में सफल रही। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आजाद मैदान थाने को सूचना मिलने के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया है, जिसकी पहचान रमाशंकर गौतम उर्फ संदीप पांडे के रूप में हुई है।

अधिकारी ने कहा कि आरोपी पास के एक कार्यालय में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता है। हमने उस पर हत्या के प्रयास, गलत तरीके से रोकने, हमला करने और अन्य अपराधों का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि एक अदालत ने आरोपी को 23 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# ईवीएम पर संदेह

आम चुनाव, 2024 के लिए मतदान की शुरूआत हो चुकी है। देश के 17 राज्यों और 7 संघशासित क्षेत्रों की 102 लोकसभा सीटों पर प्रथम चरण का मतदान हो चुका है। जनादेश का एक हिस्सा उन ईवीएम में ही दर्ज हो चुका है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं।

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यहां तक दावा किया है कि यदि ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई है, तो भाजपा को 180 से कम सीटें मिलेंगी। यानी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मुगालते में है कि ईवीएम के जरिए ही जो मतदान होगा, उससे जनादेश उन्हें ही मिलने वाला है।

तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की आज भी सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही बनी हैं। चुनावी पराजय से पूर्व राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी 2018 में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रखा है। दरअसल सवाल यह है कि विपक्ष इतना दोगला क्यों है? संवैधानिक व्यवस्थाओं के ही खिलाफ क्यों है? ईवीएम का इस्तेमाल छोड़ कर मतपत्रों वाले मतदान के पाषाणकाल की ओर लौटना क्यों चाहता है? हालांकि बूथ छापने, लूटने और फर्जी मतदान के उस दौर को सर्वोच्च अदालत खारिज कर चुकी है। ईवीएम की शुरूआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही दौरान हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं और 4 लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनावों और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। एक आम चुनाव में 55 लाख से अधिक ईवीएम का इस्तेमाल किया जाता है और करीब 1.5 करोड़ चुनावकर्मी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। सभी एक विशेष पार्टी के पक्षधर हो जाएं या ईवीएम का प्रोग्राम एक ही पार्टी के पक्ष में तय कर दिया जाए और इतने चुनावकर्मी एक साथ 'भ्रष्ट' हो जाएं, यह बिल्कुल भी संभव नहीं है। ईवीएम किसी लैपटॉप, कम्प्यूटर अथवा इंटरनेट नेटवर्क से जुड़ी हुई नहीं है, उसे हैक करना या छेड़छाड़ करना भी संभव नहीं है, अलबत्ता मशीन में तकनीकी खराबी जरूर आ सकती है।

उस स्थिति में ईवीएम बदलने की पारदर्शी व्यवस्था है। चुनाव आयोग ने अदालत में अपना समूचा पक्ष रखा है। वीवीपैट पर्ची और वोटिंग के आपसी मिलान पर भी स्पष्टीकरण दिया है। पर्ची 7 सेकंड के लिए दिखती है। उसके बाद पर्ची मशीन में ही चली जाती है। न्यायिक पीठ को बताया गया कि पर्ची को मतदाता को देना जोखिम का काम है। इससे गोपनीयता भंग हो सकती है और बाहर निकालने पर पर्ची का दुरुपयोग भी किया जा सकता है। याचिकाकर्ता एडीआर ने मतदान और पर्ची की 100 फीसदी क्रॉस चेकिंग की मांग की है। अब चुनाव की निष्पक्षता, ईमानदारी बरकरार रहे, मतदाताओं के जेहन में लेशमात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए और आयोग की संवैधानिक स्वायत्तता भी बनी रहे, उस संदर्भ में अदालत को निर्णय देना है। ईवीएम को लेकर अक्सर प्रलाप मचाया जाता रहा है और चुनाव आयोग को भी कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है, यह प्रवृत्ति दुराग्रहपूर्ण है।

# बिंद बॉक्स प्रीमियर लीग पर हार्बल मुंबई टीम ने किया कब्जा

**मुंबई** : 21 अप्रैल 2024 दिन रविवार को बिंद समाज विकास संघ द्वारा, मनोहर जोशी टर्फ धारावी





मुंबई, में बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल मुंबई के चार टीमों ने भाग लिया साउथ मुंबई कप्तान ओमप्रकाश बिंद, वेस्टर्न मुंबई कप्तान विनोद कुमार बिंद, हर्बल मुंबई कप्तान अशोक कुमार नाविक, सेंट्रल मुंबई कप्तान डॉक्टर शेषधर बिंद, जिसमें सभी टीमों को पीछे छोड़ते हुए हर्बल मुंबई की टीम ने बी एस वी एस,बॉक्स क्रिकेट टूनार्मेंट पर कब्जा कर लिया।



बल्लेबाजी में दम खम दिखाते हुए हर्बल मुंबई के खिलाड़ियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सबसे सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग और प्रथम स्थान पाने में कामयाब रहे ।

हर्बल मुंबई की टीम इस प्रकार है। कप्तान अशोक कुमार नाविक, उप कप्तान इंद्रपाल नाविक, विजय बिंद,सरोज केवट,दीपक बिंद,आदि केवट,शैलेश निषाद,शिव निषाद , वीरेंद्र बिंद,सरबजीत निषाद , इत्यादि। कप्तान अशोक कुमार नाविक और उप कप्तान इंद्रपाल नाविक ने चौकों और छक्कों की झड़ी लगा दी। सेंट्रल मुंबई की टीम दूसरा स्थान , वेस्टर्न मुंबई तीसरा स्थान हासिल करने में कामयाब रही। सभी टीमों और खिलाड़ियों ने विजेता बनी टीम को धन्यवाद दिया।

मुख्य अतिथि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (फ्ङ) के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार बिंद और उनकी धर्म पत्नी ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित कर, हौसला बढ़ाया, उन्होंने कहा की इस तरह का खेल संघ ने आयोजित कर, खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाने के लिए एक बेहतरीन प्रयास बिंद समाज विकास संघ करता है।

# नशेड़ियों से स्टेशन जाने का रास्ता न रोकने के लिए कहने पर एक व्यक्ति को चाकू मार दिया गया

**मुंबईः** नालासोपारा रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले रास्ते को अवरुद्ध न करने के लिए कहने पर 30 वर्षीय एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में शुक्रवार को दो 19 वर्षीय लोगों को गिरफ्तार किया गया। सीसी पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दोनों लोग सीढ़ियों पर बैठे थे और नशा कर रहे थे। पीड़ित गणेश महेश जयसवाल, एक निजी कंपनी का कर्मचारी, नालासोपारा रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाले स्काईवॉक की सीढ़ियाँ चढ़ रहा था। उसने देखा कि दो आदमी सीढ़ियों पर बैठकर नशा कर रहे थे और उसका रास्ता रोक रहे थे।



जयसवाल ने दोनों को पार किया और सीढ़ियों को अवरुद्ध करने के लिए उन पर चिल्लाया। जयसवाल द्वारा डांटे जाने से नाराज होकर दोनों लोगों ने जयसवाल के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। जयसवाल के घायल होकर जमीन पर गिरने के बाद वे लोग मौके से भाग गए।

घटना के बाद, तुलिंज पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 323 (हमला) के तहत मामला दर्ज किया। चूंकि वे लोग नशे के आदी थे और मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते थे, इसलिए पुलिस ने अपने मुखबिरों को सतर्क कर दिया था और तलाश कर रही थी। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि दोनों लोग नालासोपारा के प्रगति नगर में छिपे हुए हैं, जहां से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया.

दोनों व्यक्तियों की पहचान 19 वर्षीय राहुल पंडित और 19 वर्षीय दिव्यांशु सुरेश यादव के रूप में की गई है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दोनों हिस्ट्रीशीटर हैं और उनके खिलाफ वसई-विरार क्षेत्र के पुलिस स्टेशनों में डकैती और चोरी के कई मामले दर्ज हैं। तुलिंज पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, हमने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और पता लगा रहे हैं कि दोनों लोगों ने कितने और लोगों पर हमला किया है।

## तुम्हारे चरणों में जन्नत है मां

मां तुम्हारे चरणों में जन्नत है।
पर यह जन्नत मेरे नसीब में नहीं मां,
क्योंकि हो गई आंखों से ओझल तुम,
हो गई आंखों से ओझल,

कर चली दुनिया से विदा,
रुला कर गई ममता तेरी,
छोड़ गई मझधार में मुझे,
देख आज की उन्नति मेरी

गर्व से कहती मुझे,
मन में मेरे तन में तेरे,
मेरा ही है खून चला।

थाम लेती आंसुओं को मेरे,
बहने ना देती यूं बेवजह,
होती अगर तू साथ मेरे।
ना बिलखती इस जहां में अकेले।
राह दिखाती इन मुश्किलों में मुझे,
ना छोड़ जाती मुझे तन्हा अकेले,

बाल गोपाल लिपटे रहते तुझसे,
देख इन नन्हे परिंदों को
आशियाना ढूंढती मेरे पास
इन नन्हें बालकों से ना दूर रह पाती
देती इनको ममता दुलार,

कहती हूं बारंबार,
तू जहां पर भी रहे,
आपका आशीर्वाद
बना रहे हम पर।

हो गई आंखों से ओझल,
कर चली दुनिया से विदा।
मां की ममता तुझको नमन।
तुझको नमन बारंबार।
तुझको नमन बारंबार।
तुझको नमन बारंबार।
मां श्रीमती स्वर्गीय दुर्गा कठौतिया



**कृष्णा मानसी**
(मंजू लता मेरसा)
बिलासपुर, छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# रामनवमी पर धारावी में शोभायात्रा निकाली गई

**मुंबईः** वज्र दल की तरफ से 21वे वर्ष में रामनवमी के पावन पर्व पर धारावी में एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।



वज्र दल के आधार स्तम्भ कहे जाने वाले धारावी के वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता एस. ए. सुंदर ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजू बिडकर, दिव्या ढोले, भास्कर शेट्टी, पंकज सुराना, एन. एस.वेल्लू, एन.बी. कुमार, श्रनिवास शुक्ला, सचिन चिंदरकर, अग्नि पांडियन, कृष्ण कुमार राजपूत, संजय गुप्ता, विमलचंद जैन,मोहन शिंदे, विकास आदि को रामनामी पट्टा देकर उन्हें सम्मानित किया। और उन्होंने सभी राम भक्तों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का सूत्र संचालन शशिकान्त ढवाल ने किया। इसके उपरान्त शोभा यात्रा संत रोहिदास मार्ग से होकर धारावी मुख्य मार्ग और कामराज स्कूल से चलकर संकल्पना सोसाइटी पर रात के 10 बजे शोभायात्रा का समापन हुआ।

राम लक्ष्मण सीता और हनुमान की झाँकी पर लोगों ने फूल बार साया।जगह जगह लोगों ने श्री श्रीसुंदर और महिलाओं ने दिव्या ढोले को शाल पुष्पहार देकर उन्हें सम्मानित किया। दक्षिण मध्य मुंबई महायुति लोकसभा के उम्मीदवार राहुल शेवाले ने श्रीराम की आरती किया।एस.ए.सुंदर ने उन्हें श्री राम का फोटो और शाल देकर उनका सम्मान किया।

**फोटोःकपिलदेव खरवार**

# महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों के बीच अखिलेश यादव को बड़ा झटका !

## भिवंडी से विधायक रईस शेख ने दिया इस्तीफा...

महाराष्ट्र : लोकसभा चुनावों के बीच महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के बड़ा झटका लगा है। महाराष्ट्र के भिवंडी से विधायक रईस शेख ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे की कॉपी सपा के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी को सौंपी हैं। बताया जाता है कि अबू आजमी के मनमाने रवैये और कार्यप्रणाली से नाराज होकर रईस शेख ने इस्तीफा दिया है।

अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी में महाराष्ट्र के भीतर भी फूट दिखी है ।समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई में फूट की खबरें तो काफी समय से सामने आ रहीं थी लेकिन आज भिवंडी से विधायक रईस शेख के इस्तीफे ने इसे सबके सामने ला दिया।

**इस्तीफे के बाद क्या बोले रईस शेख ?**

इस्तीफे के बाद रईस शेख ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा है, मैंने पिछले साल हमारी पार्टी के राज्य नेतृत्व के समक्ष लगातार महत्वपूर्ण पार्टी संगठनात्मक और विस्तार संबंधी चिंताओं को उठाया है। मेरे लगातार प्रयासों के बावजूद, ये मामले अभी तक हल नहीं हुए हैं। हालांकि, मैं उन पर विशेष रूप से पार्टी के मंचों पर चर्चा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।







### मैं पार्टी का एक वफादार कार्यकर्ता- रईस शेख

मैं पार्टी का एक वफादार कार्यकर्ता हूं और हमेशा रहूंगा। पार्टी की संगठनात्मक ताकत और विस्तार को आगे बढ़ाने के लिए मेरी प्रतिबद्धता अटल है, भले ही मैं विधायक नहीं हूं। मेरे द्वारा उठाई गई चिंताओं के आलोक में, मैंने समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष को विधायक के रूप में अपना इस्तीफा सौंप दिया है। मुझे उम्मीद है कि नेतृत्व पार्टी के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगा।

# गोवंडी गावों मे महायुति उम्मीदवार राहुल शेवाले की प्रचार सभा को मिल रहा भारी जन समर्थन...

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी)** मुंबई के गोवंडी गावों परिसर मे दक्षिण मध्य मुंबई शिवसेना महायुवती उम्मीदवार राहुल शेवाले की प्रचार सभा का आयोजन आज बड़े जोरों से शुरू हुआ। गौरतलब हो की लोकसभा चुनावों के दौरान महायुति उम्मीदवार राहुल शेवाले का मुकाबला महाविकास आघाडी उम्मीदवार अनिल देसाई के साथ है। वहीं लोकसभा चुनावों मे दोनों के बीच अब कांटे की लड़ाई के तौर पर तब्दील हो चुकी है. जिसके चलते राहुल शेवाले की जीत अब आसान दिखाई नहीं दे रही। राजनितिक पंडितो के अनुसार राहुल शेवाले और अनिल देसाई के बिच मराठी वोटों का बंटवारा होगा ! जिसका फायदा महाविकास आघाडी को होने की संभावना से इंकार नहीं कर सकते है.दूसरी ओर राहुल शेवाले की प्रचारसभा मे स्थानीय रहीवासियो का बड़े पैमाने पर जनसमर्थन मिल रहा है। जिसमें सर्व धर्म सामाज के लोगों के बिच खासे लोकप्रिय है . राहुल शेवाले के कार्यकाल मे किए गये सांसदीय निर्वाचन क्षेत्र मे जनहित के विकास कार्य के कारण जनता जनार्दन जन सम्राट के नाम से प्रसिद्ध है. वहीं प्रसार माध्यम से बातचीत मे राहुल शेवाले ने कहा की गोवंडी गाँव मेरा अपना घर है. जहाँ की जनता ने मुझे दो बार चुनकर भेजा है ! इसबार भी मुझे दक्षिण मुंबई सांसदीय क्षेत्र से बड़ी बहुमत से दिल्ली की लोकसभा मे भेजने का कार्य करेंगी. वहीँ अनिल देसाई के चुनावी मैदान मे उतरने से कोई फर्क पड़ने वाला है. जबकि अनिल देसाई का कार्य अभी शुरू नहीं हुआ तो जनता उनको कहाँ से पहचनेगी।



# ठाणे जिले में लोकसभा चुनाव के बीच रडार पर शराब की दुकानें...

**मुंबई :** लोकसभा चुनावों से पहले, शराब सहित मुफ्त वस्तुओं के अवैध वितरण पर नकेल कसने के प्रयासों के तहत, उत्पाद शुल्क विभाग ने ठाणे जिले में सभी शराब वेंडिंग प्रतिष्ठानों और विनिर्माण इकाइयों को क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। सीसीटीवी कैमरों को मुख्य रूप से डिलीवरी प्वाइंट और बिक्री काउंटरों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। प्रतिष्ठानों को बिक्री और अंतिम स्टॉक की दैनिक सूची रखने का भी निर्देश दिया गया है। आंकड़ों को दिन-प्रतिदिन के आधार पर एक विशिष्ट वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। दिन के अंत में बिक्री या समापन स्टॉक में अचानक वृद्धि की सूचना आगे की जांच के लिए चुनाव आयोग (ईसी) को दी जाएगी।

ये सभी कदम चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुपालन में हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब उपलब्ध कराने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए आंदोलन को विनियमित और नियंत्रित किया जाए। ठाणे लोकसभा सीट के लिए मतदान प्रक्रिया पांचवें चरण में 20 मई को होनी है. इस बीच, 16 मार्च से 19 मार्च के बीच ठाणे जिला उत्पाद शुल्क विभाग से जुड़े 11 प्रभागों और दो उड़नदस्तों द्वारा उत्पाद अधीक्षक-निलेश सांगाडे के नेतृत्व में बॉम्बे निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज अपराधों की कुल संख्या 276 हो गई है। अप्रैल। जबकि 170 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, नौ वाहनों को जब्त कर लिया गया है, जबकि अवैध शराब के निर्माण के लिए इस्तेमाल की जाने वाली शराब और सामग्री की कीमत सामूहिक रूप से रुपये से अधिक है। 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से जिले भर में चौबीसों घंटे चले अभियान के दौरान 1.42 करोड़ रुपये जब्त किये गये. अपराधों में बूटलेगिंग, अवैध शराब (हाथ-भट्टी) का निर्माण, तस्करी, अवैध तरीके से शराब की ढुलाई और लाइसेंस प्राप्त वेंडिंग प्रतिष्ठानों द्वारा भारतीय निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) और देशी शराब की अनधिकृत बिक्री से संबंधित अन्य उल्लंघन के मामले शामिल हैं।



# सलमान खान के आवास पर गोलीबारी: लॉरेंस बिश्नोई, भाई अनमोल 'वांछित आरोपी' घोषित

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास पर गोलीबारी मामले की जांच बढ़ाते हुए , मुंबई अपराध शाखा ने शनिवार को कहा कि आरोपियों के खिलाफ एफआईआर में तीन नई धाराएं जोड़ी गई हैं ।मामले में आईपीसी 506( 2 ) (धमकी देना), 115 (उकसाना) और 201 (सबूत के साथ छेड़छाड़) के तहत धाराएं जोड़ी गई हैं ।मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने खुलासा किया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई को मामले में वांछित आरोपी घोषित किया गया है। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई ने हमले के बाद एक फेसबुक पोस्ट के जरिए सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की जिम्मेदारी ली ।

# उल्हासनगर के कुछ हिस्सों में दूषित पानी की आपूर्ति...



**उल्हासनगर :** उल्हासनगर के कुछ हिस्सों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है और नागरिक इस गंदे पानी को बोतलों में भरकर नगर निगम के जल आपूर्ति कार्यालय में पहुंचे और शिकायत की। सुभाष हिल क्षेत्र के कई हिस्सों में पानी छोड़ने का समय तय नहीं होने से नागरिकों को परेशानी हो रही है. कुछ दिन पहले नाले की खुदाई के दौरान पानी की लाइन टूटने से एक सप्ताह तक नागरिकों का हलक सूखा रहा। नागरिकों के विरोध के बाद लाइन की मरम्मत की गई। अब दा चल नालन्दा स्कूल के पास पिछले तीन दिनों से लोगों को दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है. इस पानी से दुर्गंध भी आ रही है। नागरिक सलाहकार. प्रशांत चंदनशिव ने नागरिकों और उपयंत्री आर के साथ बोतलों में भरा दूषित पानी. एन।ठाकरे को दिखाया. इसे कनिष्ठ अभियंता हरेश मिरकुटे को सौंपा गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में तत्काल कदम उठाने का आश्वासन दिया है.

# त्र्यंबकेश्वर में प्रसाद और खाद्य दुकानों पर छापेमारी

## 54 हजार रुपये का मिलावटी सामान जब्त !

**नासिकः** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से त्र्यंबकेश्वर में प्रसाद और खाद्य दुकानों पर छापेमारी की गई और 54,440 रुपये का मिलावटी सामान जब्त किया गया. तीर्थस्थल के रूप में इसकी लोकप्रियता के कारण गर्मियों की छुट्टियों की पृष्ठभूमि में त्र्यंबकेश्वर में भक्तों और पर्यटकों की भीड़ बढ़ गई है। मिलावटी खाद्य पदार्थों से श्रद्धालुओं और पर्यटकों का स्वास्थ्य न बिगड़े, इसके लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है. त्र्यंबकेश्वर मंदिर के पास की दुकानों में मिलावटी मावसदर्श विशेष बर्फी से पेड़ा और कलाकंद बर्फी तैयार कर बेची जाती है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने की छापेमारी. भोलेनाथ स्वीट्स से 37 हजार 440 रुपये कीमत का 78 किलो कुंदा, श्री नित्यानंद पेढ़ा सेंटर से 6 हजार 600 रुपये कीमत का 22 किलो कुंदा जब्त किया गया.



चूंकि मावा जैसे खाद्य पदार्थ तैयार करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मिलावटी पेड़ा, कलाकंद बर्फी का स्टॉक खराब हो जाता है, इसलिए इसे त्र्यंबक नगर परिषद के बेल जार में निपटाया गया और अपशिष्ट डिपो को नष्ट कर दिया गया। भोजन के नमूने विश्लेषक के पास भेज दिए गए हैं और रिपोर्ट आने के बाद कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी.

# चुनार के कुशाग्र को इंटर की परीक्षा में जनपद में दूसरा स्थान

## कुशाग्र आईएएस बनकर करना चाहते हैं देश की सेवा

( शिवा शर्मा की कलम से)

**चुनार।** यूपी बोर्ड इंटर की परीक्षा में नगर के पीडीएनडी इंटर कालेज के छात्र कुशाग्र मौर्य ने (500/480)अंक हासिल कर जनपद में दूसरा स्थान प्राप्तकर क्षेत्र के साथ ही विद्यालय का नाम रोशन किया है। कुशाग्र तीन भाई बहनों मे सबसे छोटे है। पिता गनेश मूर्ति कारोबारी और माता गृहिणी है। कुशाग्र आगे आई आई टी करना चाहते और भविष्य में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय प्रशासनिक सेवा से जुड़कर वह देश सेवा करना चाहते हैं।कुशाग्र ने बताया कि वह 10-12 घंटे पढाई कर रहे थे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता



यूपी बोर्ड इंटर की परीक्षा में जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कुशाग्र मौर्य को माला पहनाकर मिठाई खिलाते उनके माता पिता व परिवार के सदस्य।

पिता एवं गुरुजनों को दिया है।कुशाग्र ने कहा कि मन में यदि हो दृढ़ संकल्प तो कोई भी मंजिल पाना मुश्किल नही है जरूरत है कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छा शक्ति की। उन्होंने कहा कि बेहतर मुकाम और सफलता हासिल करने के लिए सभी छात्रों को नियमित कम से कम 8-10 घंटे पढाई करनी चाहिए।छात्र के सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामवृक्ष, शिक्षक अखिलेश कुमार पांडेय, सुनील सिंह ने बधाई देते हुए छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



यूपी बोर्ड इंटर की परीक्षा में जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सिमरन यादव प्रसन्नमुद्रा में परिवार के सदस्यों के साथ।

**पडरी की सिमरन यादव को इंटर की परीक्षा में दूसरा स्थान डाक्टर बनकर दीन दुखियों की सेवा करना चाहती है सिमरन।**

**चुनार।** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में पारसनाथ शांति देवी इंटर कालेज बाराडीह की इंटर की छात्रा सिमरन यादव ने (500/480)अंक हासिल कर जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।आगे की पढाई पूरी कर सिमरन डाक्टर बनकर दीन दुखियों की सेवा करना चाहती है।

सिमरन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावक एवं विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं को दिया है। सिमरन ने कहा कि सफलता के लिए बडों का मार्गदर्शन व कडी मेहनत जरूरी है। सिमरन के पिता अरबिंद कुमार यादव बीमा अभिकर्ता है जबकि माता विजया सिंह शिक्षा मित्र है।सिमरन की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक विजय राम सिंह ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल कर क्षेत्र व विद्यालय का बढाया सम्मान

(शिवा शर्मा की कलम से)

**चुनार।** यूपी बोर्ड इंटर की परीक्षा में श्री दुखईराम सिंह इंटर कालेज की छात्रा साधना ने (91.1 प्रतिशत),खुशी चौहान 79.20 प्रतिशत),अन्तिमा (75.20 प्रतिशत), अंक प्राप्त किया।श्रीहीरालाल वर्मा इंटर कालेज के छात्र विशाल सिंह ने (75.2 प्रतिशत), स्मित कुमार ने (67.2 प्रतिशत), हिमांशु पटेल (65.6 प्रतिशत), अंक प्राप्त किया है।

पारसनाथ शांति देवी इंटर कालेज बाराडीह के छात्र तिजारत अली ने (88 प्रतिशत), प्रिया सिंह (83.2 प्रतिशत),रूपांजलि (83.2प्रतिशत) प्राप्त किया है।

हाईस्कूल की परीक्षा में श्रीहीरालाल वर्मा इंटर कालेज की छात्रा रिया श्रीवास्तव ने (90.8 प्रतिशत), दीपा प्रजापति (90.6 प्रतिशत), शेर सिंह (87.8 प्रतिशत) अंक प्राप्त किया। पारसनाथ शांति देवी इंटर कालेज बाराडीह की छात्रा बंदना विश्वकर्मा (91.5 प्रतिशत), शिवम सिंह चौहान (89 प्रतिशत), अमृता सिंह (85.5 प्रतिशत) अंक प्राप्त किया है। वहीं दुखईराम सिंह इंटर कालेज के छात्र विवेक यादव (90 प्रतिशत), अंजली कुमारी 89.33 प्रतिशत), रितेश पटेल ने (88.17 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय का सम्मान बढाया है ।

## मुंबईः जोगेश्वरी में माता की चौकी का हुआ आयोजन




**मुंबई :** मुंबई के उपनगर जोगेश्वरी विधानसभा में आरे कॉलोनी धड़क कामगार यूनियन में माता की चौकी में सभी कामगार के साथ मुंबई कांग्रेस विचार विभाग के पदाधिकारी भी शामिल हुए । राकेश यादव अध्यक्षः मुंबई कांग्रेस विचार विभाग, संतोष चव्हाण उपाध्याय, उत्तर पश्चिम जिला अरुण चौगुले, ब्लॉक 41 अध्यक्ष रवि परब, निशा परब,सचिव मुंबई कांग्रेस विचार विभाग और भी पदाधिकारी शामिल हुए ।

**-रिपोर्ट स्पर्श देसाई**



## दक्षिण मुंबई में इमारत का एक हिस्सा गिरने से तीन लोग घायल

**मुंबइ :** दक्षिण मुंबई के फोर्ट इलाके में ढहाई जा रही एक इमारत का एक हिस्सा अचानक गिरने से तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि एमजी रोड पर स्थित बॉम्बे उच्च न्यायालय के पास दो मंजिला इमारत 'आगरा' को जब ध्वस्त किया जा रहा था तो उस दौरान दोपहर 12:50 बजे इमारत की छत का एक हिस्सा भरभरा कर गिर गया। उन्होंने बताया, ''सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां, पुलिस, 108 एम्बुलेंस सेवा और स्थानीय बीएमसी वार्ड के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे।

## खाड़ी के किनारे राजहंस के शव पाए गए... प्राकृतिक या हत्या? जांच की मांग



**नवी मुंबईः** नेरुल सेक्टर 58 खाड़ी के किनारे दो राजहंस के शव पाए गए. पाम बीच रोड के किनारे एक राजहंस मृत पाया गया। आज सुबह-सुबह पाम बीच रोड पर फ्लेमिंगो देखे गए और अनुमान लगाया जा रहा है कि उनमें से एक की कार की चपेट में आने से मौत हो गई होगी।

इसी तरह, फरवरी में नेरुल जेट्टी की ओर जाने वाली सड़क पर एक बोर्ड से टकराने के बाद चार राजहंस की मौत हो गई। इसलिए, पर्यावरणविद् गुस्से में सवाल उठा रहे हैं कि क्या नवी मुंबई खाड़ी तट अब राजहंस दलों के लिए सुरक्षित है।

3 फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के रूप में मनाया जाता है। उससे एक दिन पहले 2 फरवरी को नेरुल जेट्टी की ओर जाने वाली सड़क पर चार राजहंस के शव पाए गए थे. उस वक्त पर्यावरणविदों ने दावा किया था कि ये पक्षी उसी सड़क पर लगे एक बड़े बोर्ड से टकराकर मरे थे. हालांकि यह घटना ताजा थी, आज सुबह (शुक्रवार) नेरुल सेक्टर 58 ए में वेंकटेश हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे कंडलवन में दो राजहंस के शव पाए गए।


जेपी शर्मा संरक्षक हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर की पूज्य माता जी

राजकुमारी देवी शर्मा



की 9वीं पुण्यतिथि पर

भावपूर्ण श्रद्धांजली

श्रद्धावनतः

कदम कदम पर परिवार



जे.पी. शर्मा
संरक्षक - कदम कदम पर





महावीर स्वामी जनकल्याणक महोत्सव पर, वैजापुर मे अमृत ब्लड सेंटर,संभाजीनगर द्वारा हुये रक्तदान शिबिर मे सामाजिक जेष्ठ कार्यकर्ता ठाकुर धोंडीरामसिंह राजपुत सर,महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार खंडालकर, डॉ.सुभाष पाटोदी आदी मान्यवर.

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com